**शीर्ष प्राथमिकता/महत्वपूर्ण/समयबद्ध**
**संख्या 2735(2)/सैंतीस-2-2016-1(32)/2015 TC**

प्रेषक,

**डॉ0 सुधीर एम0 बोबडे,**
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन ।

सेवा में,

**निदेशक,**
प्रशासन एवं विकास,
पशुपालन विभाग, उ0प्र0,
लखनऊ ।

पशुधन अनुभाग-2 लखनऊ :: दिनांक 15 दिसम्बर, 2016

**विषय- प्रदेश में बहुउद्देशीय सचल पशु चिकित्सा सेवा योजना का शुभारम्भ किये जाने के संबंध में ।**

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि दिनांक-19.12.2016 को मा0 सांसद/मा0 विधायक द्वारा संबंधित जनपदों में बहुउद्देशीय सचल पशु चिकित्सा वाहनों को हरी झण्डी दिखा कर बहुउद्देशीय सचल पशु चिकित्सा सेवा का शुभारम्भ किया जायेगा ।

2- कृपया तदनुसार संबंधित जनपदों में (बुन्देलखण्ड के सात जनपदों को छोड़कर) बहुउद्देशीय सचल पशु चिकित्सा वाहन (चालक सहित) उपलब्ध कराते हुये अग्रेत्तर आवश्यक कार्यवाही समयबद्ध रूप से शीर्ष प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित कराने का कष्ट करें ।

भवदीय,

( डॉ सुधीर एम0 बोबडे )
प्रमुख सचिव ।

**संख्या 2735 (3)/सैंतीस-2-2016 तद् दिनांक ।**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- समस्त मण्डलायुक्त, (झांसी व चित्रकूट को छोड़कर) उत्तर प्रदेश ।
2- समस्त जिलाधिकारी, (बुन्देलखण्ड के सात जनपदों को छोड़कर) उत्तर प्रदेश ।
3- समस्त अपर निदेशक ग्रेड-2, मण्डल पशुपालन विभाग, (झांसी व चित्रकूट को छोड़कर) उत्तर प्रदेश ।
4- समस्त मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, (बुन्देलखण्ड के सात जनपदों को छोड़कर) उत्तर प्रदेश ।

आज्ञा से,

( दया शंकर सिंह )
संयुक्त सचिव ।